# प्रेस नोट थाना कोतवाली

## जनपद शाहजहाँपुर

## दिनांक – 25.08.2026

**थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 1.407 कि0ग्रा0 अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) सहित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण मे चलाये जा रहे अभियुक्तों के सत्यापन व अवैध मादक पदार्थ/हथियार के दुरूपयोग व बिक्री को रोकने हेतु सघन अभियान के क्रम मे थाना कोतवाली पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 24/25.08.2026 की रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि 01 व्यक्ति सीतापुर-बरेली हाइवे पर ग्राम मौजमपुर के निकट बंद पड़े रिलायंस पेट्रोल पम्प के बगल वाले रास्ते पर खड़ा है जिसके पास एक सफेद पन्नी में नशीला पदार्थ है, जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है। प्राप्त सूचना पर मुखबिर द्वारा बताये गए व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा घेरकर समय 01.28 बजे पकड लिया जिसने अपना नाम रमाकांत पुत्र विजय नि0ग्रा0 बसंतनगर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी बताया। इसकी जमातलाशी से एक पन्नी में सूखे पत्तों जैसा दिखने वाला पदार्थ व कुल 930 रुपये बरामद हुए। बरामद हुए पदार्थ के संबंध में पकड़े गए व्यक्ति द्वारा पूछने पर बताया कि ये गाँजा है जिसे मैं इधर उधर से तोड़ कर तैयार करता हूँ और फिर थोड़ी थोड़ी मात्रा में फुटकर में बेच देता हूँ। पकडे गए पदार्थ का वजन किया गया तो कुल वजन 1.407 कि0ग्रा0 पाया गया। बरामदगी के आधार पर रमाकांत उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 288/2026 धारा 8/20 NDPS पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रमाकांत पुत्र विजय उम्र करीब 38 वर्ष नि0ग्रा0 बसंतनगर थाना सफदरगंज, जनपद बाराबंकी।

**गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समयः-**

सीतापुर बरेली हाईवे पर बंद पड़े रिलायस पैट्रोल पम्प के बगल रास्ता से, दिनांक 25.08.2026 समय 01.28 बजे।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण –**

मु0अ0सं0 288/2026 धारा 8/20 NDPS थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 1.407 कि0ग्रा0 गाँजा
2. कुल 930 रुपये नगद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

उ0नि0 सुशांत रावत थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
हे0का0 अनिल कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
का0 अंकुश थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।